सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्र

सार्वजनिक पथ-प्रकाश एक मूल-भूत आवश्यकता है। सार्वजनिक प्रकाश की आवश्यकता की पूर्ति हेतु सोलर स्ट्रीट लाईट एक अतिउपयोगी संयंत्र है। संयंत्र का अधिष्ठापन चौराहों, भवन परिसर, सार्वजनिक स्थल, ग्रामों / कस्बों की गलियों में, बस स्टेशन, सड़कों के किनारे आदि स्थलों पर कराई जाती है। रात्रि के समय इस संयंत्र से लगभग 5 से 10 मीटर की परिधि में प्रकाश की पूर्ति होती है।

संयंत्र का तकनीकी विवरणः-

- सोलर पीवी पैनल : मल्टी क्रिस्टिलाईन सिलिकोन सोलर सेल से निर्मित, क्षमता 75 वाट पीक।
- बैटरी बैंक : लेड एसिड, ट्यूबलर पाजिटिव प्लेट, लो मेन्टिनेन्स, क्षमता 12वोल्ट 75 एम्पीयर आवर
- ल्यूमिनायर : व्हाइट-एलईडी आधारित 12 वाट लाईट
- ड्यूटी साईकिल : सायंकाल से प्रातःकाल तक।
- पोल : जी.आई. पोल, कुल लम्बाई 5 मीटर ।
- बैटरी बाक्स : 18 गेज, जी आई शीट से निर्मित, लाकिंग व्यवस्था के साथ।
- केबिल : 1.5 एमएम साईज का कापर केबिल।
- सिविल कार्य : आवश्यक्तानुसार सीमेण्ट कान्क्रीट फाउण्डेशन।



अनुभव के आधार पर सोलर स्ट्रीट लाईट के निम्न लाभ हैंः-

- सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्र से स्वच्छ प्रकाश प्राप्त होता है जिससे जनमानस के स्वास्थय पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।
- सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्र की स्थापना से दुर्घटना, असुरक्षा एंव भय के वातावरण में कमी आयी है।
- सोलर स्ट्रीट लाईट की स्थापना से पारम्परिक ऊर्जा संसाधन डीजल, केरोसिन, कोयला एवं लकड़ी की बचत के साथ ही इन को प्रयोग करने वाले उपकरणों की मेन्टिनैन्स में बचत होती है।
- सौर ऊर्जा से चालित संयंत्रों में प्रदूषण नहीं होता है, साथ ही कार्वन डाई आक्साईड के उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण बचाव में सहायता प्राप्त होती है।

सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्र में विश्व स्तर के मानको को अपनाते हुए संयंत्र तथा इनके अवयवों का परीक्षण, नवीन एंव नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिकृत लैब से गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए निर्धारित

विशिष्टीकरणों के अनुरूप संयंत्रों की स्थापना कराई जाती है। उक्त के अतिरिक्त संयंत्र की स्थापना हेतु आवश्यक सामग्री जैसे जी आई पोल, पैनल हतु माउन्टिंग स्ट्रक्चर, बैटरी हेतु जी आई बाक्स एंव तार आदि आवश्यक अवयव लगाये जाते हें। सम्पूर्ण सोलर स्ट्रीट लाईट पर 5 वर्षो की पूर्ण रिपेयरिंग मेन्टीनैन्स की कम्प्रीहैन्सिव वारण्टी होती है। इसके महत्वपूर्ण अवयव - सोलर पैनल की कुल निर्धारित क्षमता 20 साल में 90 पतिशत एवं 25 साल में 80 प्रतिशत से कम न हो, इस हेतु फर्मो से 25 वर्षो की वारण्टी भी ली जाती है।

<u>सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्र का मूल्यः-</u>

सोलर स्ट्रीट लाईट संयंत्र की आपूर्ति, स्थापना एंव कमिशनिंग तथा 05 वर्षो तक की कम्प्रीहेन्सिव वारण्टी सहित दरें रू 20900.00 प्रति संयंत्रं निर्धारित हैं। लाभाथी संस्थाओं से (जहां अनुमन्य है) आनुषंगिक व्यय रू 1000.00 प्रतिसंयंत्र अलग से प्राप्त किया जाता है। इस प्रकार कुल रू 21900.00 प्रति संयंत्र होता है।

<u>संयंत्र का अनुश्रवण एवं रखरखावः-</u>

संयंत्रों का नियमित अनुश्रवण अभिकरण मुख्यालय तथा जनपदीय परियोजना कार्यालयों द्वारा किया जाता है तथा मुख्यालय स्तर से समय-समय पर परियोजना का फीड-बैक प्राप्त कर रखरखाव सुनिश्चित कराया जाता है। संयंत्रो की सतत् क्रियाशीलता हेतु इन्ट्रेक्टिव वाईस रिस्पॉन्स सिस्टम (आईवीआरएस) प्रणाली अभिकरण मुख्यालय में स्थापित है, इस हेतु टोल फ्री नम्बर 1800 180 0005 संचालित है।